T 12

പൊതു വിദ്യാഭ്യാസ വകുപ്പ്
ഡയറ്റ് എറണാകുളം
വൈഭവം 2021
എസ് എസ് എൽ സി അക്കാദമിക പിന്തുണ

സമയം : 45 മിനിറ്റ് ഹിന്ദി ആകെ സ്കോർ : 20

हिंदी

सामान्य निर्देश :

* प्रश्न ध्यान से पढ़ें।
* स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।
* यहाँ 25 स्कोर के प्रश्न दिए हैं,आप को सिर्फ 20 स्कोर के लिए ही उत्तर लिखना है।

सूचना : ' बीरबहूटी ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

साहिल बेला का रिपोर्ट कार्ड देख रहा था और बेला साहिल का। आज आखिरी बारी वे एक दूसरे की कोई चीज़ को छूकर देख रहे थे। ।"तुम्हारी आँख में आँसू क्यों आ रहे हैं बेला?" "मुझे क्या पता।" बेला ने डब़डबाई आँखों से हँसते हुए कहा।

1.यहाँ 'आखिरी बारी' क्यों कहा गया है? (1)

क)दोनों के बीच झगडा हो गया था। ख) रिपोर्ट कार्ड वापस करना था।

ग)वे अलग- अलग स्कूलों में जा रहे थे। घ) माटसाब ने मना किया।

2.**साहिल** के स्थान पर **बेला** का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। (1)

साहिल रिपोर्ट कार्ड देख रहा था।	बेला रिपोर्ट कार्ड देख---------------------।

3. सही विशेषण शब्द के साथ मिलान करें। (2)

फूल	गीली
हवा	पीला
खेत	लाल
बाजरा	हरा

4.कहानी के अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। (4)

सूचना : ' आई एम कलाम के बहाने 'फिल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 4 और 5 के उत्तर लिखें।

एक दिन रणविजय को स्कूल में भाषण देने के लिए कहा जाता है। रणविजय परेशान है क्योंकि उसकी हिंदी इतनी अच्छी नहीं । कलाम यह जानता है और झट एक अच्छा- सा भाषण लिख अपने दोस्त रणविजय को दे देता है।

5. रणविजय क्यों परेशान है ? (2)

6.प्रस्तुत प्रसंग पर रणविजय और कलाम के बीच की संभावित बातचीत लिखें। (4)

सूचना : ' बंसंत मेरे गाँव का ' लेख का यह अंश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

वे जानवरों के साथ साथ कीड़ाजड़ी,करण और चुरू जैसी दुर्लभ हिमालयी जड़ी व औषधियाँ भी बेचते हैं। इन गाँवों से इनका सदियों का रिश्ता है। इसलिए पूरी कीमत चुकाना ज़रूरी नहीं होता। बर्फीले मौसम में निचले इलाकों की ओर जाते वक्त पुरानी वसूली की जाती है। मज़े की बात है कि नकद उधार के आँकड़े कहीं दर्ज नहीं होते।

7. पशुचारक अपनी पुरानी वसूली कब करते हैं ? (1)

8.' नकद उधार के आँकड़े कहीं दर्ज नहीं होते'-आपसी विश्वास के आधार पर सदियों से चले आ रहे इस सिलसिले पर एक रपट तैयार करें। (4)

सूचना : ' सबसे बड़ा शो मैन ' जीवनी का यह अंश पढ़ें और 9 से 11 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

अंत में माँ जब उसे लेने आई तो दर्शकों ने देर तक खडे होकर तालियाँ बजाई। कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ की। चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार...

9. लोगों ने किसकी तारीफ की ? कैसे ? (2)

10. माँ उस दिन अपने विचारों को डायरी में लिखती है। माँ की संभावित डायरी लिखें। (4)